पावरग्रिड
POWERGRID

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
POWER GRID CORPORATION OF INDIA LIMITED
(A Government of India Enterprise)

# प्रेस विज्ञप्ति

**तत्काल उपयोग के लिए**

## आंध्र प्रदेश में हरित हाइड्रोजन अवसंरचना हेतु पावरग्रिड ने काकीनाडा-I ट्रांसमिशन लिमिटेड का अधिग्रहण किया

**गुरुग्राम, 30 जून 2026:** विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसई) पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने दिनांक 29 जून 2026 को टैरिफ आधारित बोली (TBCB) प्रक्रिया के तहत बोली समन्वयक (BPC) पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (PFCCL) से परियोजना विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) **काकीनाडा-I ट्रांसमिशन लिमिटेड** का अधिग्रहण किया है। पावरग्रिड द्वारा अधिग्रहित यह पारेषण प्रणाली "**काकीनाडा क्षेत्र (चरण-I) में प्रस्तावित हरित हाइड्रोजन/हरित अमोनिया परियोजनाओं हेतु पारेषण प्रणाली**" का हिस्सा है।

काकीनाडा-I ट्रांसमिशन लिमिटेड परियोजना के अंतर्गत **240 एमवीएआर बस रिएक्टर** तथा संबंधित कार्यों के साथ आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में **3×1500 एमवीए ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता वाले 765/400 केवी गैस इंसुलेटेड उपकेंद्र की स्थापना सम्मलित है।**परियोजना के दायरे में **वेमागिरी–श्रीकाकुलम 765 केवी डबल सर्किट पारेषण लाइन** का काकीनाडा सबस्टेशन पर **एलआईएलओ (लाइन-इन लाइन-आउट)** तथा **2×125 एमवीएआर एमएससी सहित ±300 एमवीएआर स्टैटकॉम (STATCOM)** की स्थापना भी शामिल है। यह एक **अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (ISTS)** परियोजना है, जिसे एसपीवी अधिग्रहण की तिथि से **30 माह** के भीतर कमीशन किए जाने का लक्ष्य है। यह परियोजना काकीनाडा क्षेत्र में प्रस्तावित हरित हाइड्रोजन एवं हरित अमोनिया परियोजनाओं के लिए विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

पावरग्रिड, टैरिफ आधारित बोली प्रक्रिया के अंतर्गत हासिल अपनी विभिन्न प्रोजेक्ट एसपीवी के माध्यम से निर्माण, स्वामित्व, संचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर विभिन्न ट्रांसमिशन सिस्टम परियोजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है। ये परियोजनाएं हरित ऊर्जा को राष्ट्रीय ग्रिड तक पहुंचाने के लिए भारतीय ट्रांसमिशन बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाएंगी, जिससे वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य प्राप्त करने के भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो सके।

31 मई 2026 तक पावरग्रिड 291 उपकेंद्रों, 1,85,750 सर्किट किलोमीटर से अधिक ट्रांसमिशन लाइनों तथा 6,30,516 एमवीए ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता का प्रचालन कर रहा है। नवीनतम तकनीकी उपकरणों एवं तकनीकों को अपनाने तथा स्वचालन और डिजिटल समाधानों के प्रभावी उपयोग से पावरग्रिड 99.84 प्रतिशत से अधिक की औसत ट्रांसमिशन प्रणाली उपलब्धता बनाए रखने में सफल रहा है।

**जारीकर्ता**
**टीम कॉर्पोरेट संचार**
**हमें ट्विटर पर फॉलो करें: @pgcilindia**
**www.powergrid.in**
**ई-मेल: powergrid.pr@powergrid.in**